# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026


## जसप्रीत बुमराह की सुनामी मे उंड़ा इंग्लैडं, तोड़ दिया कपिल देव का ये रिकॉर्ड।


Publisher Published on 12 Jul 2025





**तीसरे टेस्ट मे बुंमराह ने विदेशी धरती पर 13वां 5 विकेट हॉल लेकर कपिल देव को पछाड़ा, लॉर्ड्स के ऑनर्स बोर्ड पर दर्ज हुआ नाम।**

**IND vs ENG 3rd Test Match:** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच में **जसप्रीत बुमराह** ने ऐसा धमाका किया, जिससे **लॉर्ड्स की पिच** पर इतिहास रच गया. दूसरे टेस्ट से **वर्कलोड मैनेजमेटं** के कारण बाहर रहे बुमराह ने तीसरे टेस्ट की दूसरी सुबह जब गेंद थामी, तो इंग्लिश बल्लेबाजों के पैरों तले जमीन खिसक गई. न सिर्फ उन्होंने 5 विकेट झटके, बल्कि महान **ऑलराउंडर कपिल देव** का एक अहम रिकॉर्ड भी तोड़ दिया.

**कपिल देव का कौन सा रिकॉर्ड टूटा ?**

**लॉर्ड्स टेस्ट** की पहली पारी में बुमराह ने 5 विकेट लेकर अपने करियर का **15वां फाइव विकेट हॉल** पूरा किया. यह उनका विदेशी धरती पर 13वां 5 विकेट हॉल है, जबकि कपिल देव के नाम यह उपलब्धि 12 बार दर्ज थी.

अब **बुमराह** विदेश में पारी में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन चुके हैं.

**विदेशी धरती पर सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल (भारतीय गेदंबाज)**

**जसप्रीत बुमराह – 13***
**कपिल देव – 12**
**अनिल कुंबले – 10**
**इशांत शर्मा – 9**

**ऑनर्स बोर्ड मे नंाम, फिर भी शांत क्यों दिखे बुमराह ?**

**लॉर्ड्स टेस्ट** में 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज का नाम ऐतिहासिक "**ऑनर्स बोर्ड**" पर दर्ज किया जाता है. **जसप्रीत बुमराह** ने जैसे ही **जोफ्रा आर्चर** का विकेट लिया, उनका नाम भी इस बोर्ड पर दर्ज हो गया.

लेकिन इसके बावजूद बुमराह ने कोई बड़ा जश्न नहीं मनाया. वह शांत भाव से टीम के लिए आगे बढ़ते रहे. उनका यह पेशेवर रवैया सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना रहा.

### इंग्लैडं की पहली पारी – बुमराह का कहर

इंग्लैंड ने दूसरे दिन 4 विकेट पर 251 रन से आगे खेलना शुरू किया था. हालांकि **जेमी स्मिथ** और **ब्रायडन कार्स** के अर्धशतक के अलावा कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका.

बुमराह ने लगातार विकेट निकालते हुए इंग्लैंड को **387 रन** पर समेट दिया. उन्होंने **20 ओवर मे 5 विकेट** झटके और विपक्षी बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी.

### भारत की पारी – सधी शुरुआत के बाद लड़खड़ाई बल्लेबाजी

भारत ने बल्लेबाजी की शुरुआत की, लेकिन **यशस्वी जायसवाल** सिर्फ 13 रन बनाकर **जोफ्रा आर्चर** की गेंद पर आउट हो गए. **करुण नायर** ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन **40 रन** पर कप्तान स्टोक्स को कैच दे बैठे.

**शुभमन गिल** भी बड़ी पारी नहीं खेल सके और **28 रन** बनाकर पवेलियन लौट गए.

दिन का खेल खत्म होने तक केएल राहुल **53 रन** बनाकर नाबाद हैं और **ऋषभ पंत 19 रन** के साथ क्रीज पर टिके हैं. भारत अभी भी 242 रन से पीछे है और पहली पारी में बढ़त पाने के लिए उसे मजबूत साझेदारी की जरूरत है.

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.